Training & Placement Cell

Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 7th September, 2022

NOTICE FOR CAREER GUIDANCE - PREPARATION FOR PLACEMENT

छात्र प्लेसमेंट व स्टार्टअप के लिए सालभर तैयारी करें

प्रोफेशनल कोर्स के छात्र हर सेमेस्टर में मन लगाकर पढ़ाई करते हैं। प्रैक्टिकल से लेकर थ्योरी एक्जाम तक में उनका स्कोर बहुत मायने रखता है, लेकिन अब यह अहम है कि आपने अपना विषय किसी खास जॉब, स्टार्टअप के लिए चुना है तो उसके लिए अब कुछ दिन या हफ्तों की तैयारी से काम नहीं चलेगा। सौ फीसदी सक्सेस के लिए छात्र को नियमित पढ़ाई के साथ प्लेसमेंट और स्टार्टअप से जुड़ी तैयारियों को भी पूरे साल की प्लानिंग का हिस्सा बनाना होगा, ताकि जब प्लेसमेंट के लिए वह कंपनी के सामने हों तो पूरे आत्मविश्वास के साथ इंटरव्यू दे सकें। कोर्स का रिजल्ट तो हमेशा ही बेहतर होना चाहिए, लेकिन जब हम जॉब के हिसाब से खुद को कुछ खास बिंदुओं के साथ तैयार करते हैं तो यह भी बहुत मददगार साबित होता है। पढ़ाई के दौरान इंटर्नशिप को उतनी ही गंभीरता से लेना चाहिए जितना कि हम अपनी स्थायी जॉब को लेते हैं।

क्या करें : पढ़ाई के साथ जनरल नॉलेज, भविष्य की जॉब से जुड़े बिंदुओं पर अपडेट रहें। इंटरव्यू के लिए कम से कम छह माह की तैयारी करें। हिंदी, अंग्रेजी लैंग्वेज पर पकड़ बेहद जरूरी है। कम्युनिकेशन स्किल के साथ आत्मविश्वास से भरपूर रहना भी जरूरी है। इतना ही नहीं, हर छात्र को अपने लक्ष्य के लिए आगे बढ़ने में टीचिंग स्टाफ के साथ साथी छात्रों की भी मदद लेना चाहिए। कोर्स के हर विषय की पकड़ भी आपकी सक्सेस का एक हिस्सा होता है। किसी एक विषय में हम ज्यादा बेहतर होते हैं, लेकिन ऐसा कोई विषय नहीं हो, जिसमें हम कमजोर दिखाई दें।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)